AUTONOMOUS
(NAAC द्वारा मूल्यांकित एवं प्रत्यायित)
(उस्मानिया विश्वविद्यालय एवं बी.आइ.ई. से संबद्ध)

# हिम चेतना
# HIM CHETANA

Estd. 1961
वर्ष-12 अंक--3
अक्तूबर-दिसंबर, 2023
पृष्ठ 4 मूल्य-1

Website : www. hindimahavidyalaya.org E-mail: info@hindimahavidyalaya.org

हिन्दी महाविद्यालय एवं एम.सी.गुपता कॉलेज का मुखपत्र (त्रैमासिक)

# महाविद्यालय के नूतन भवन में वास्तु पूजा





दिनांक 20 नवंबर को महाविद्यालय के नूतन भवन में वास्तु पूजन दिनांक 18 नवंबर को बड़े ही हर्षोल्लास के साथ किया गया।

इस अवसर पर अध्यक्ष श्री लक्ष्मीनिवास शर्मा, उपाध्यक्ष श्री श्यामसुंदर मूंदड़ा, कार्यदर्शी श्री शीलकुमार जैन, कोषाध्यक्ष श्री सीए सीतश काबरा तथा अन्य प्रबंधन के सभी सदस्य उपस्थित थे। महाविद्यालय के प्राध्याकगण तथा अन्य स्टॉफ भी इस कार्यक्रम में उपस्थित थे।

## इंटर कॉलेज फेंसिंग चैम्पियनशिप आयोजित




दिनांक 15 नवंबर को उस्मानिया इंटर कॉलेज फेंसिंग चैम्पियन (पुरुष-महिला) का आयोजन किया गया। इस टूर्नामेंट में 10 कॉलेज के छात्रों ने और में 12 कॉलेज की छात्राओं ने हिस्सा लिया। इस टूर्नामेंट में हिन्दी महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं ने बाजी मारी।

टूर्नामेंट के उद्घाटन के अवसर पर उस्मानिया विश्वविद्यालय के फिजिकल एजुकेशन डिपार्टमेंट के प्रिंसिपल एवं आईयूटी सचिव प्रोफेसर सत्यनारायण, आईसीटी मेन्स सचिव डॉ. कृष्णा, हिन्दी महाविद्यालय समिति के अध्यक्ष सीए लक्ष्मीनिवास शर्मा, कोषाध्यक्ष सीए सतीश काबरा तथा प्राचार्य डॉ. बी. श्रीदेवी उपस्थित थे।

महिला वर्ग में फेंसिंग ओवरऑल चैम्पियनशिप में हिन्दी महाविद्यालय प्रथम रहा। द्वितीय बीजेआर नारायणगुड़ा, तीसरा स्थान उस्मानिया विश्वविद्यालय लॉ कॉलेज का रहा।

पुरुष वर्ग में फेंसिंग ओवरऑल चैम्पियन शिप में हिन्दी महाविद्यालय प्रथम, द्वितीय एचपीम कॉलेज ऑफ फिजिकल एजुकेशन शामीरपेट, तृतीय जी. पुल्ला रेड्डी कॉलेज रहा। कार्यक्रम का आयोजन हिन्दी महाविद्यालय के फिजिकल डायरेक्टर आकाश थापा की देखरेख में हुआ। यह कार्यक्रम सभी उपस्थित कॉलेजों के छात्र एवं छात्राओं के लिए प्रेरणादायी एवं उत्साहवर्धक रहा।

## पी.जी. के परिणाम घोषित

दिनांक 10 नवंबर को महाविद्यालय के परीक्षा विभाग द्वारा पी.जी. के परिणामों को घोषित किया गया। हिन्दी महाविद्यालय में पी.जी. की परीक्षाएँ अक्तूबर माह की 3 तारीख को रखी गयी थी और उसके परिणाम 8 नवंबर को घोषित किए गए। उस्मानिया विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक प्रो. एन रामुलु एवं एडिशनल कंट्रोलर प्रो. बी. सकराम की उपस्थिति में इन परिणामों को घोषित किया गया। हिन्दी महाविद्यालय के संपूर्ण परीक्षा विभाग के स्टॉफ सी.ओ.ई. श्रीमती अश्विनी सनपूरकर, एडिशनल कंट्रोलर श्रीमती पायल हर्ष, प्राचार्य डॉ. बी. श्रीदेवी इस अवसर पर उपस्थित थे। परीक्षा परिणाम निर्धारित अवधि से पूर्ण घोषित किए गए, जो कि हिन्दी माविद्यालय परिवार के अथक प्रयासों से संभव हो सका।



इस अवसर पर हिन्दी महाविद्यालय की परीक्षा नियंत्रक श्रीमती अश्विनी सनपूरकर ने बताया कि इस वर्ष एम.ए. में 100 प्रतिशत, एम. कॉम 100 प्रतिशत, एम.एस.सी. मैथमेटिक्स में 81.82 प्रतिशत और एम.एस.सी अप्लाइड स्टैटिसटिक्स में 69.23 प्रतिशत परिणाम आए।

पी.जी. की ही तरह यू.जी. के छात्रों के परिणाम भी सर्वोत्तम रहे। बी.ए. 78 प्रतिशत, बी.एस.सी. 91 प्रतिशत, बी.कॉम 85 प्रतिशत, बी.बी.ए. 94 प्रतिशत विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए। अच्छे परिणामों की प्राप्ति पर हिन्दी महाविद्यालय के अध्यक्ष श्री लक्ष्मीनिवास शर्मा ने परीक्षा विभाग सहित सभी प्राध्यापकों को बधाई दी।



**उस्मानिया विश्वविद्यालय इंटर कॉलेज कबड्डी चैम्पियनशीप में कुल 50 कॉलेजों की टीमों ने भाग लिया। हिन्दी महाविद्यसालय के कबड्डी टीम को तीसरा स्थान प्राप्त होने पर कड्डी खिलाडियों को सम्मानित करते हुए महाविद्यालय समिति के अध्यक्ष लक्ष्मीनिवास शर्मा, कोषाध्क्ष सीए सतीश काबरा, प्राचार्या डॉ. बी.श्रीदेवी, खेल विभाग के कैप्टन आकाश थापा।**



महाविद्यालय में आयोजित बतुकम्मा उत्सव के दौरान उपस्थित प्राचार्या श्री बी. श्रीदेवी, प्राध्यापिकाएँ, स्टॉफ एवं छात्र-छात्राएँ।

# नि:शुल्क स्वास्थ्य जाँच शिविर का आयोजन




दिनांक 14 अक्तूबर को हिन्दी महाविद्यालय एवं किम्स अस्पताल के संयुक्त तत्वावधान में अग्रवाल मानव सेवा मंच ने 164वाँ विशाल नि:शुल्क स्वास्थ्य जाँच एवं चिकित्सा शिविर का आयोजन किया। अग्रवाल मानव सेवा मंच के प्रधान संयोजक श्री विनोद अग्रवाल ने इस कार्यक्रम का उद्घाटन कर कहा कि हमारी संस्था गरीब एवं जरूरतमंद लोगों को समय-समय पर शिविर लगाकर सहयोग करती है। इस अवसर पर अग्रवाल मानव सेवा मंच के प्रधान संयोजक श्री विनोद अग्रवाल, रामप्रसाद गोयल, रतन गुप्ता, श्यामसुंदर अग्रवाल तथा हिन्दी महाविद्यालय समिति के अध्यक्ष श्री लक्ष्मीनिवास शर्मा, उपाध्यक्ष श्री श्यामसुंदर मूंदड़ा, मानद मंत्री श्री शील कुमार जैन, संयुक्त कार्यदर्शी प्रदीप दत्ता, कोषाध्यक्ष श्री एस.बी. काबरा, प्राचार्या डॉ. बी. श्रीदेवी, उपप्राचार्या श्रीमती अश्विनी सनपुरकर के साथ-साथ प्राध्यापकगण उपस्थित थे।

शिविर में किम्स अस्पताल सिकंदराबाद, ब्राउन डेंटल क्लीनिक अमीरपेट, एस.एम.एस. अस्पताल, हिमायतनगर, एल.सी.एच. साधुराम नेत्र अस्पताल, दोमलगुड़ा आदि से पधारे सामान्य जाँच, हृदयरोग, अस्थिरोग, स्त्री रोग, बाल रोग, नेत्र रोग, ईएनटी, ईसीजी, बीपी मधुमेह आदि बीमारियों से संबंधित विशेषज्ञ चिकित्सकों ने मरीजों की निशुल्क परीक्षण कर दवाईयाँ वितरित की।

इस अवसर पर आस-पास के कई लोग, बच्चों, विद्यार्थियों एवं प्राध्यापकगण आदि ने अपनी जाँच करवाकर शिविर का लाभ उठाया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में विभिन्न अस्पतालों से पधारे चिकित्सकों के साथ-साथ हिन्दी महाविद्यालय के प्राध्याकगण, एनसीसी, एनएसएस के छात्र-छात्राओं, कार्यालयीन कर्मचारी एवं चतुर्थश्रेणी के कर्मचारियों ने अपना विशेष सहयोग प्रदान किया।

# एनएसएस यूनिट का सम्मान



11 अक्तूबर को कैंप से आए सभी स्वयंसेवक (एनएसएस) को हिन्दी महाविद्यालय के समिति अध्यक्ष श्री लक्ष्मीनिवास शर्मा, उपाध्यक्ष श्री श्यामसुंदर मूंदड़ा, प्राचार्या डॉ. बी. श्रीदेवी, उप-प्राचार्या श्रीमती अश्विनी सनपूरकर तथा एनएसएस अधिकारी कन्हैया कुमार का सम्मान किया गया।

हिन्दी महाविद्यालय की एनएसएस यूनिट द्वारा 23 सितंबर को एनएसएस अधिकारी श्री कन्हैया कुमार द्वारा जीआरएफ की ओर से नेशनल गांधीयन लिडरशीप कैम्प में सहभागीता की गई। कैंप में एनएसएस अधिकारी समेत हिन्दी महाविद्यालय के तीन स्वयंसेवक भी सम्मित थे, जिसमें एम. गोपी कृष्णा, के. वंशी गौड़ और केबीवीपी कार्तिक।

कैंप में व्यक्तित्व विकास संबंधी गांधी दर्शन, कृषि संबंधी जानकारी, जैन इरिगेशन सिस्टम कंपनी विजीट तथा विभिन्न प्रदेशों से आए अधिकारियों द्वारा शिविरार्थियों के मनोबल को बढ़ाने हेतु वक्तव्य प्रस्तुत किए गए। कार्यक्रम का समापन 4 अक्तूबर को शिविरार्थियों को प्रमाण पत्र विवरित करते हुए किया गया।

# पाठ्यक्रम परिचय कार्यक्रम आयोजित

दिनांक 31 अक्तूबर को स्नातक प्रथम वर्ष के छात्रों के लिए पाठ्यक्रम परिचय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में छात्रों के साथ उनके अभिभावकों ने भी बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं सरस्वती वंदना के साथ हुआ।




संस्थाध्यक्ष श्री लक्ष्मीनिवास शर्मा जी ने अपने वक्तव्य में नवागंतुक छात्रों को अपने मनोबल को बढ़ाए रखने हेतु परामर्श दिया। उपाध्यक्ष श्री श्यामसुंदर मूंदड़ा जी ने छात्रों को हिन्दी महाविद्यालय से भलीभांति परिचित होने की सलाह दी। संयुक्त कार्यदर्शी श्री प्रदीप दत्त ने छात्रों को आर्शीवचन दिए। प्राचार्या डॉ. बी. श्रीदेवी ने प्रथम वर्ष के छात्रों को महाविद्यालय के इतिहास से परिचित करवाया तथा हिन्दी महाविद्यालय की इकाई एमसी गुप्ता कॉलेज ऑफ बिजनेस मैनेजमेंट के प्राचार्य डॉ. सुदीप जी ने छात्रों को प्रेरणादायक प्रसंग सुनाकर शिक्षा के प्रति जागरूक होने का परामर्श दिया। शैक्षणिक तथा प्रशासनिक विभागाध्यक्षों ने पीपीटी के माध्यम से छात्रों को विभिन्न विभागों से जुड़ी जानकारी को छात्रों के साथ साझा किया। राष्ट्रीय एकता दिवस के तहत एनएसएस अधिकारी श्री कन्हैया कुमार ने सभी प्राध्यापकों, प्रबंधन सदस्यों तथा छात्रों को राष्ट्र के प्रति प्रतिज्ञाबद्ध कराया।

कार्यक्रम का संचालन कुमारी लहरी तथा धन्यवाद ज्ञापन डॉ. रजनीधारी ने किया। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ।



महाविद्यालय के लाईफ साइंस विभाग द्वारा आयोजित फील्ड ट्रिप के अंतर्गत विद्यार्थियों ने क्रीम लाइन डेयरी प्रोडक्ट (जर्सी) का दौरा किया। भ्रमण में विज्ञान विभाग की प्राध्यापक लहरी, नीता कुलकर्णी, रंगनायकी, मेघना, फरीदा तथा 60 विद्यार्थियों ने भाग लिया।



दक्षिण भारत हिन्दी प्रचार सभा में संपन्न हिन्दी दिवस कार्यक्रम में भाषण प्रतियोगिता में पुरस्कार जीतने वाले महाविद्यालय के छात्र आनंद कुमार (द्वितीय), मृत्युंजय त्रिपाठी (द्वितीय), निखिल कुमार (तृतीय) व अन्य विजेताओं को बधाई देतीं प्राचार्या डॉ. बी. श्रीदेवी, उप-प्राचार्या अश्विनी सनपुरकर, प्राध्यापिका अर्चना पांडेय व अन्य।






महाविद्यालय के प्रांगण में 2 अक्तूबर को गांधी जयंती के अवसर पर स्वच्छ भारत अभियान कार्यक्रम में एनएसएस छात्रों ने भाग लिया।

# महाविद्यालय सर्वश्रेष्ठ शिक्षण संस्थान के रूप में पुरस्कृत



दिनांक 11 सितंबर को एफआईसीसीआई नोवोटेल, हैदराबाद में हिन्दी महाविद्यालय संस्था को हाईबिज़- टीवी एजुकेशनल एक्सीलेंस अवार्ड 2023 द्वारा हिन्दी महाविद्यालय को सर्वश्रेष्ठ संस्थान : एक्सीलेंस पुरस्कार से नवाज़ा गया तथा संस्थाध्यक्ष सी. ए. श्री लक्ष्मीनिवास शर्मा को लाइफ टाइम अचीवमेंट पुरस्कार प्रदान किया गया। संस्थाध्यक्ष नगरद्वय की कई संस्थाओं से प्रत्यक्ष तथा परोक्ष रूप में गतिशील रूप से जुड़े हुए हैं।

हिन्दी महाविद्यालय एक सर्वोत्कृष्ट, बेहतरीन तथा अतुलनीय संस्था है। नगरद्वय में हिन्दी माध्यम की यह एकमात्र ऐसी संस्था है, जिसमें शुरुआत में आगे इंटर, डिग्री तथा पीजी पाठ्यक्रमों को हिन्दी माध्यम से चलाया उसके पश्चात अंग्रेज़ी माध्यम में भी यहाँ यह सभी कोर्स चलाए जा रहे हैं। संस्था अपने गौरवशाली 62 वर्ष पूर्ण कर चुकी है। इस संस्था में कई दिग्गज तथा मूर्धन्य साहित्यकारों ने अपनी उपस्थिति देकर इस ज्ञान स्थली को अपने प्रताप से प्रकाशित किया है।

हिन्दी महाविद्यालय में वर्तमान समय में इंटर, स्नातक, स्नातकोत्तर तथा विभिन्न सर्टिफिकेट कोर्सिंग चलाए जा रहे हैं संस्था के चेयरमैन एमिरेट्स श्री सुरेंद्र लूणिया तथा कमलनारायण अग्रवाल, अध्यक्ष सी ए. श्री लक्ष्मीनिवास शर्मा, उपाध्यक्ष श्री श्यामसुंदर मूंदड़ा, कार्यदर्शी शील कुमार जैन, कार्यदर्शी सुरेशचंद्र लाहोटी तथा कोषाध्यक्ष सी.ए. एस.डी. काबरा पदों पर सुशोभित है

आगामी वर्षों में संस्था नए कीर्तिमानों को स्थापित कर नई संभावनाओं को प्राप्त करे इन्हीं मनोकामनाओं के साथ।

# महाविद्यालय में हिन्दी दिवस आयोजित



महाविद्यालय में दिनांक 30-9-23 को हिन्दी दिवस का आयोजन बड़े ही हर्षोल्लास के साथ किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. (प्रो.)मुकेश मिश्र प्राचार्य कर्मा देवी पी जी कॉलेज बस्ती, उत्तर प्रदेश आमंत्रित थे। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन तथा कु. सोनी द्वारा प्रस्तुत सरस्वती वंदना के साथ हुआ। संस्थाध्यक्ष श्री लक्ष्मीनिवास शर्मा ने स्वागत भाषण प्रस्तुत किया तथा हिन्दी दिवस कार्यक्रम के आयोजन की सभी को शुभकामनाएँ दीं। उपस्थित अतिथि को शॉल ओढ़ाकर, स्मृति चिह्न भेंट कर सम्मानित किया गया।

डॉ. मुकेश मिश्र का परिचय डॉ. रजनी धारी हिन्दी विभागाध्यक्ष ने दिया। डॉ. मुकेश मिश्र ने अपने वक्तव्य में वैश्विक परिदृश्य में हिन्दी भाषा की स्थिति पर प्रकाश डालते हुए हिन्दी की दशा और दिशा पर अपने विचार प्रस्तुत किए तथा हाल ही में किए गए श्रीलंका दौरे की भी चर्चा की। संस्था उपाध्यक्ष श्री श्यामसुंदर मूंदड़ा ने सभी को हिन्दी दिवस की शुभकामनाएँ दीं। उप-प्राचार्य श्रीमती अश्विनी सनपूरकर ने भी सभी को हिन्दी दिवस की शुभकामनाएँ दी एम.ए प्रथम वर्ष के छात्र रवि वैद्य ने अपनी स्वरचित कविता का वाचन किया। उपस्थित आगंतुकों में सुहास भटनागर कवि ने अपनी कविता का वाचन किया। हिन्दी महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. बी. श्रीदेवी ने सभी के प्रति आभार ज्ञापन किया। कार्यक्रम का संचालन हिन्दी विभागाध्यक्ष डॉ. रजनी धारी ने किया। सामूहिक राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

# महाविद्यालय में एनएसएस दिवस आयोजित

महाविद्यालय में दिनांक 25 सितंबर को ऑडिटोरियम हॉल में एनएसएस डे का आयोजन किया गया कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उस्मानिया विश्वविद्यालय के एनएसएस अधिकारी प्रो. नवीन सैय्या उपस्थित थे। सर्वप्रथम ध्वजारोहण तथा राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम में संस्थाध्यक्ष श्री लक्ष्मीनिवास शर्मा, प्राचार्या डॉ. श्रीदेवी तथा उप प्राचार्या श्रीमती अश्विनी सनपूरकर उपस्थित थे। संस्थाध्यक्ष ने स्वागत भाषण प्रस्तुत करते हुए सभी को कार्यक्रम आयोजित करने हेतु शुभकामनाएँ दीं। प्राचार्या डॉ. श्रीदेवी ने भी अवसरोचित संदेश दिया। मुख्य अतिथि का स्वागत शॉल तथा स्मृति चिह्न प्रदान कर किया गया।

मुख्य अतिथि ने छात्रों में राष्ट्रीय सेवा योजना से जुड़ी कई बातें छात्रों से साझा की तथा एनएसएस के छात्रों में सर्टिफिकेट (प्रमाण पत्र) वितरित किए। सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया। जिसका आरंभ दीप प्रज्वलन तथा सरस्वती वंदन के साथ हुआ। छात्राओं ने सामूहिक प्रादेशिक नृत्य प्रस्तुत किये। कार्यक्रम का संचालन एनएसएस के छात्रों द्वारा किया गया तथा समापन सामूहिक राष्ट्रगान के साथ हुआ।



### पंचम वेद

[illegible]

# महाविद्यालय समिति वार्षिक साधारण सभा संपन्न





महाविद्यालय समिति की वार्षिक साधारण सभा दिनांक 26-9-2023 को सायं 4 बजे हिन्दी महाविद्यालय में आयोजित की गई।

इस सभा की अध्यक्षता वर्तमान अध्यक्ष सीए श्री लक्ष्मीनिवास शर्मा ने की।

सर्वप्रथम श्री लक्ष्मीनिवास शर्मा जी ने सभी सदस्यों का स्वागत किया एवं महाविद्यालय की गतिविधियों के बारे में विस्तृत जानकारी दी। तत्पश्चात अजेंडा के अनुसार कार्यवाही प्रारंभ की गई।

मानद मंत्री श्री शील कुमार जैन ने गत बैठक की कार्यवाही प्रस्तुत की जिसे सर्वसम्मित से स्वीकृति प्रदान की गई।

मानदमंत्री ने हिन्दी महाविद्यालय की वर्ष 2022-23 की वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत करते हुए हर्ष व्यक्त किया एवं संपूर्ण गतिविधियों में प्रबंध समिति एवं स्टॉफ के योगदा वीं सराहना की। वार्षिक रिपोर्ट को भी सर्वसम्मति से पारित कया गया।

कोषाध्यक्ष सीए श्री सतीश काबरा ने वर्ष 2023-23 का आय तथा व्यय विवरण प्रस्तुत किया और सदस्यों के प्रश्नों का उचित समाधान दिया। उन्होंने बताया कि समिति ने सभी क्षेत्रों में प्रगति की है। आय-व्यय विवरण भी सर्वसम्मति से स्वीकृत किया गया।

2023-24 के लिए श्री मधु मंत्री एंड असोसिएट्स को पुन: लेखा परीक्षक के रूप में सर्वसम्मति से नियुक्त किया गया।

बहु प्रतीक्षित संविधान संशोधन को श्री लक्ष्मीनिवास शर्मा ने सदस्यों के सम्मुख रखा, जिसे स्वीकार किया गया।

वर्ष 2023-26 के लिए निम्न प्रकार से पदाधिकारियों एवं कार्यकारिणी समिति का सर्वसम्मति से निर्वाचन किया।

अध्यक्ष सीए लक्ष्मीनिवास शर्मा, उपाध्यक्ष श्री श्यामसुंदर मूंदड़ा, मानदमंत्री श्री शील कुमार जैन, संयुक्त मंत्री श्री प्रदीप दत्त, कोषाध्यक्ष श्री सीए सतीश काबरा तथा कार्यकारिणी सदस्य श्री सुरेंद्र लूणिया (अध्यक्ष एमिरेट्स), श्री कमलनारायण अग्रवाल (अध्यक्ष एमिरेट्स), श्री सुरेशचंद्र लाहोटी परामर्शदाता, श्री गोविंद राठी, सीए दयानिवास शर्मा, श्री शैलेश अग्रवाल, श्री जयदेव बल्दवा, श्री सोहनलाल कडेल, श्री किशोर संचेती, श्री अनीष गुप्ता, डॉ. वैजयंती कोरटकर। अध्यक्ष श्री सीए लक्ष्मीनिवास शर्मा ने अत्यंत प्रसन्नता से जानकारी दी कि इस वर्ष सीएसआर के अंतर्गत महाविद्यालय को वीएसटी इंडस्ट्रीस से 2 करोड़, आईसीआईसीआई फाउंडेशन से 22.75 लाख एवं विजय टैक्सटाइल्स से 13 लाख रुपये प्राप्त हुए है। उन्होंने यह भी जानकारी दी कि नई शिक्षा प्रणाली के अंतर्गत कुछ कॉलेजों का एक क्लस्टर बनाया गया। जिसमें हिन्दी महाविद्यालय ने शुरुआत की। निजी कॉलेजों में हमारा महाविद्यालय राज्य में ऐसा प्रथम कॉलेज है। इस क्लस्टर में बद्रुका शिक्षा समिति, अग्रवाल शिक्षा समिति, मारवाड़ी शिक्षा समिति एवं विवेक वर्धिनी शिक्षा समिति सम्मिलित है। अन्य कई कॉलेज भी इस समूह में सम्मिलित होना चाहते हैं। श्री शर्मा जी ने जानकारी दी कि इस वर्ष महाविद्यालय के छात्रों ने न केवल देश में अपितु विदेशों में भी नए कीर्तिमान स्थापित किए है। छात्र श्री वी. लोकेश एव कु. शेख नाजिया ने कामनवेल्थ गेम्स में हिस्सा लेकर पदक प्राप्त कर महाविद्यालय का एवं राज्य तथा देश का नाम ऊँचा किया। इसी प्रकार एनएसएस एवं एनएसएस सेवाओं में राष्ट्रीय स्तर पर अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। अंतर विश्वविद्यालय खेलकूदों में भी छात्र राजशेखर एवं जी. बालाजी ने भी पावर लिफ्टिंग एव कराटे में पुरस्कार एवं मेडल जीते है।

श्री शर्मा जी ने जानकारी दी कि आधुनिक शिक्षा प्रणाली के अनुसार 3 डिजिटल बोर्ड भी स्थापित की गए है और प्राध्यापकों को इस हेतु प्रशिक्षण भी दिया गया।

इस बार विभिन्न पाठ्यक्रमों में 308 विद्यार्थियों के प्रवेश लिया है।

महाविद्यालय के परिणामों के बारे में सभी सदस्यों ने प्रसन्नता व्यक्त की। परिणाम निम्न प्रकार है। बीएससी (एमपीसी) 100 प्रतिशत, बीएससी (एमबीबीसी) 100 प्रतिशत, बीएससी (बीटीएमसी) 90 प्रतिशत, बीएससी (एमएससीएस) 86 प्रतिशत, बीएससी (एमपीसीएस) 78 प्रतिशत, बीबीए 94 प्रतिशत, बी कॉम (कँम्प्यूटर) 86 प्रतिशत, बी कॉम (जनरल) 84 प्रतिशत, बीए 78 प्रतिशत, बी. वोक 76 प्रतिशत महाविद्यालय के अध्यक्ष श्री लक्ष्मीनिवास शर्मा को हैदराबाद ब्रिज टीवी की ओर से लाइफटाइम अच्युवमेंट अवार्ड प्राप्त हुआ। श्री शर्मा जी ने बताया कि बेंगलोर प्रकाशित हाईयर एज्युकेशन रिव्यु मैगजिन की ओर से भी उत्कृष्ट महाविद्यालय का पुरस्कार एवं प्रमाण पत्र प्राप्त हुआ। सभी सदस्यों ने करतल ध्वनि से हर्ष व्यक्त किया। उपाध्यक्ष श्री श्यामसुंदर मूंदडा ने आभार व्यक्त किया एवं उसके साथ साधारण सभा संपन्न हुई।

## महाविद्यालय में क्लस्टर कॉलेज मीटिंग आयोजित

हिन्दी महाविद्यालय में दिनांक 22 नवंबर को वाणिज्य तथा मैनेजमेंट विभाग द्वारा क्लस्टर ऑफ कॉलेज की बैठक संपन्न हुई।

प्राचार्य डॉ. बी. श्रीदेवी ने विभिन्न कॉलेजों से आए अतिथियों का स्वागत किया तथा उन्हें बैठक का प्रयोजन बताया। प्रबंधन विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. सुदीप ने वैल्यु एडिड कोर्सो को चलाने के बारे में सुझाव दिया। बद्रुका कॉलेज से आए डॉ. जानकीराम ने वाणिज्य में मल्टी डिसिप्लिनरी कोर्सेस को प्रारंभ करने का प्रस्ताव दिया। केड़िया कॉलेज से आए डॉ. श्रीहरि ने प्लेसमेंट में सर्टिफिकेट कोर्सिज़ की अहम भूमिका पर प्रकाश डाला।

बैठक में निर्णय लिया गया कि प्राध्यापकों द्वारा छात्रों के मनोबल को बढ़ाने हेतु अंतरमहाविद्यालयीन प्रतियोगिताओं को आयोजित किया जाए साथ ही साथ संस्कृत विभाग को भगवद्गीता की कक्षाएँ चलाने का भी प्रस्ताव दिया। वाणिज्य विभाग की आई.क्यू.ए.सी. को-ऑर्डिनेटर डॉ. वसंता ने उपस्थित सभी अतिथियों के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया।

## फर्श से अर्श तक पहुँचा अविनाश राव

तेलंगाना के ग्रामीण क्षेत्र सिरसिल्ला से उभरकर भारतीय अंडर-19 टीम में जगह बनाने के अलावा आईपीएल के अगले सत्र हेतु चेन्नई सुपर किंग्स के लिए चुने गए अविनाश राव के हौसले बुलंद नजर आ रहे हैं। अविनाश ने अपनी खेल प्रतिभा के बलबूते पर फर्श से अर्श तक पहुँचने में सफलता हासिल की।



नल्लावुंटा स्थित हिन्दी महाविद्यालय क्रिकेट अकादमी के प्रशिक्षक चंद्रभान गिरी से क्रिकेट के गुर सीखने वाले विकेटकीपर बल्लेबाज अविनाश राव ने हाल ही में मुल्लापाडु, विजयवाड़ा में संपन्न बीसीसीआई अंडर-19 चैलेंजर ट्रॉफी के अंतर्गत एक मैच में 163 रनों की पारी खेलकर चयनकर्ताओं का ध्यान अपनी ओर आकर्षित किया। इस पारी के चलते उन्हें हाल ही में दुबई में संपन्न अंडर-19 एशिया कप में भारतीय टीम में मौका दिया गया था। अविनाश राव के प्रशिक्षक चंद्रभान गिरी का कहना है कि सिरसिल्ला में अपनी पढ़ाई पूर्ण कर क्रिकेट में अपना भविष्य आजमाने के लिए निकले अविनाश राव को हिन्दी महाविद्यालय क्रिकेट अकादमी ने अवसर दिया। इसका लाभ उठाते हुए और कड़ी मेहनत व अभ्यास के बलबूते पर अविनाश राव एक के बाद एक पड़ाव सफलता के साथ पार करते चले गए। उन्होंने बताया कि अविनाश राव काफी कटिबद्धता के साथ अभ्यास करते हैं। विशेषकर अपनी खामियों को काबू में करने के लिए वह किसी भी प्रकार की मेहनत करने से पीछे नहीं हटते। उनकी सबसे बड़ी क्षमता विकेट के पीछे गेंद को जाने से रोकने की है। इसके साथ ही वह काफी आक्रामक बल्लेबाजी भी करते हैं। गिरी ने कहा कि अविनाश राव निकट भविष्य में दक्षिण अफ्रीका में आयोजित होने वाली अंडर-19 विश्व कप प्रतिस्पर्धा के लिए भारतीय टीम में शामिल किए गए। उन्होंने कहा कि अविनाश काफी प्रतिभावान खिलाड़ी हैं। वह अपनी प्रतिभा के बल पर भविष्य में सिराज और तिलक के पश्चात भारतीय टीम में अपनी जगह बना सकते हैं। उन्होंने कहा कि अविनाश राव की आक्रामक बल्लेबाजी से प्रभावित होकर ही चेन्नई सुपर किंग्स ने उन्हें उनके बेस प्राइस पर अपनी टीम में शामिल किया।

# महाविद्यालय में सांख्यिकी कार्यशाला आयोजित






हिन्दी महाविद्यालय में दिनांक 23 नवंबर को भारतीय सांख्यिकी संस्थान के संयुक्त तत्वावधान में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन डेटा एनालिसिस एक्सेल तथा मिनीटैब का प्रयोग विषय पर आयोजित किया गया। इस कार्यशाला में आंध्र महिला सभा (विद्यानगर), डॉ. बी.आर. अंबेडकर कॉलेज (बागलिंगमपल्ली), आर.जी. केडिया (चादरघाट), श्री शारदा कॉलेज (मुसापेट), पुल्ला रेड्डी कॉलेज (महेंदीपट्टनम), एवी कॉलेज (दोमलगुडा), मल्लारेड्डी कॉलेज, हेलन केलर (ईसीआईएल), वासवी कॉलेज (खैरताबाद), सिटी कॉलेज, उस्मानिया विश्वविद्यालय के 200 छात्रों ने भाग लिया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सांख्यिकी विभाग (उस्मानिया विश्वविद्यालय) के डॉ. राघवेंद्र शर्मा तथा एस.क्यू.सी. (भारतीय सांख्यिकी संस्थान) की प्रमुख डॉ. एस.एम.सुभानी उपस्थित थी।

कार्यक्रम के उद्घाटन सत्र में प्राचार्या डॉ. बी. श्रीदेवी, सांख्यिकी विभागाध्यक्ष डॉ. रघुनाथ आचार्य तथा सभी प्राध्यापकगण उपस्थित थे। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन तथा सरस्वती वंदना के साथ हुआ। प्राचार्या डॉ. श्रीदेवी ने डेटा एनालेटिक्स के बारे में अपने सुझाव दिए।

डॉ. रघुनाथ आचार्य ने डेटा साइंस तथा रोजगार की प्रमुखता पर अपना वक्तव्य प्रस्तुत किया। डॉ. एस.एम. सुभानी ने उद्योगों में सांख्यिकी के उपयोग के बारे में बतया। डॉ. राघवेंद्र शर्मा ने समापन सत्र में सभी छात्रों को प्रमाण पत्र वितरित किए तथा डेटा एनालिसिस की उपयोगिता पर वक्तव्य प्रस्तुत किया।

कार्यक्रम को सफलूपर्वक आयोजित करने का श्रेय सांख्यिकी विभाग के सभी प्राध्यापकण डॉ. रघुनाथ आचार्य, श्री शनमुख राव, निकिता, शशि कुमार, शिवा कुमार, भवानी, जैत्रा तथा श्रीजा को जाता है।

## नई शिक्षा नीति 2020 पर कार्यशाला

नई शिक्षा नीति 2020 पर इंस्टिट्यूट ऑफ पब्लिक इंटरप्राइजेस द्वारा आयोजित क्षमता निर्माण कार्यशाला 9 अक्तूबर से 20 अक्तूबर तक हुआ। जिसमें अश्विनी सनपूरकर, पायल हर्ष और अर्चना जोशी ने भाग लिया।

# फेंसिंग टीम में महाविद्यालय के छात्रों का प्रतिनिधित्व




महाविद्यालय के 9 छात्रों ने उस्मानिया विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित एवं चयनित फेंसिंग टीम (स्त्री व पुरुष) में एमजीएम यूनिवर्सिटी, औरंगाबाद (संभाजीनगर) में हिन्दी महाविद्यालय का प्रतिनिधित्व (ऑल इंडिया इंटर यूनिवसिटी, साउथ-वेस्ट ज़ोन) में किया।

इस प्रतियोगिता में शेख नाज़िया को एकल रजत पदक एवं टीम को कांस्य पदक मिला, बी. प्रेरणा तथा किरण ज्योति को टीम कांस्य पदक प्राप्त हुआ, वी. लोकेश को एकल में स्वर्ण पदक तथा उस्मानिया यूनिवर्सिटी की स्त्री की टीम ने ओवर ऑल चैम्पियन ट्रॉफी (साउथ-वेस्ट ज़ोन फेंसिंग चैम्पियनशिप) में प्राप्त किया।

सभी विजित छात्रों को हिन्दी महाविद्यालय प्राचार्या डॉ. बी.श्रीदेवी, उप-प्राचार्या श्रीमती अश्विनी सनपुरकर, डॉ. पी.एस.एम.एल. वसंता, एसीओइ श्रीमती पायल हर्ष, फिजिकल डायरेक्टर लेफ्टिनेंट आकाश थापा तथा प्रबंधन के सदस्यों द्वारा हिन्दी महाविद्यालय के गौरव को बढ़ाने तथा खेल जगत में नई ऊंचाइयों को छुने के लिए हार्दिक बधाई दी।


# महाविद्यालय में अतिथि व्याख्यान



हिन्दी महाविद्यालय में वाणिज्य विभाग द्वारा अतिथि व्याख्यान का आयोजन किया गया। इस अवसर पर अतिथि वक्ता के रूप में हिन्दी महाविद्यालय के पूर्व प्राचार्या तथा वर्तमान उपाध्यक्ष श्री श्यामसुंदर मूंदड़ा उपस्थित रहे। अपने वक्तव्य में उन्होंने खातों के महत्व तथा उसको तैयार करते समय अपनायी जाने वाली प्रक्रियाओं के बारे में जानकारी दी। उक्त व्याख्यान का उद्देश्य छात्रों के ज्ञान को प्रबुद्ध करना था।

इस अवसर पर महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. बी. श्रीदेवी, उप-प्राचार्या श्रीमती अश्विनी सनपूरकर, वाणिज्य विभाग के बी.टी. मधुसुदन सहित सभी प्राध्यापकगण उपस्थित रहे। धन्यवाद ज्ञापन वाणिज्य विभागाध्यक्ष श्रीमती एन. भावना के द्वारा किया गया।

# एमएससी स्टैट्स में कार्यक्रम आयोजित



दिनांक 18 दिसंबर को हिन्दी महाविद्यालय में एमएससी एप्लाइड स्टैटिस्टिक्स के छात्रों के लिए एक परियोजना समीक्षा आयोजित की गई। जहाँ विद्यार्थियों ने स्मार्ट बोर्ड पर अपने प्रोजेक्ट प्रस्तुत किए। सांख्यिकी विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. एम. रघुनाथ आचार्य का सहयोग सराहनीय रहा, जिन्होंने छात्रों को इस प्रकार के कार्यक्रम करने के लिए प्रेरित किया। सांख्यिकी विभाग के श्री शनमुख राव, जी. निखिता और बी. भवानी ने परियोजनाओं की समीक्षा पर प्रतिक्रियाएँ तथा सुझाव दिए। हिन्दी महाविद्यालय के उपाध्यक्ष श्री श्यामसुंदर मूंदड़ा जी भी छात्रों के बीच उपस्थित थे। उन्होंने विद्यार्थियों को प्रोत्साहित किया और उनके द्वारा दी गई प्रस्तुतियों की सराहना की।

श्री श्यामसुंदर मूंदड़ा जी ने छात्रों का मनोबल बढ़ाने हेतु प्रेरक प्रसंग उनके समक्ष प्रस्तुत किए। संस्थाध्यक्ष श्री लक्ष्मीनिवास शर्मा तथा मानद मंत्री शील कुमार जैन महाविद्यालय के संकायों में इस तरह के आयोजनों को बढ़ावा देते हैं। कार्यक्रम में प्राचार्या डॉ. बी. श्रीदेवी तथा उप-प्राचार्या श्रीमती अश्विनी सनपूरकर उपस्थित थी।

# HINDI MAHAVIDYALAYA

## VISIONARY COLLEGE EMBRACING DIVERSITY & EMPOWERING STUDENTS

In the dynamic landscape of higher education, colleges with the best infrastructure are leading the way by embracing cutting-edge trends to redefine the learning experiences. These institutions prioritize state-of-the-art technology in classrooms and research labs, emphasize sustainability, offer comprehensive sports facilities and collaborative spaces, and integrate smart technology for enhanced learning experiences. Adaptability and a student-centered design approach remain their key priorities. The growth of these colleges is driven by technological advancements, the increasing demand for quality education, research and innovation, globalization, industry-academia collaboration, sustainability initiatives, a focus on student well-being, government support, autonomous status, and competitive advantage. However, the education industry faces its share of challenges with finances, technology integration, faculty retention, competition, inclusivity, compliance, and adapting to disruptions like the COVID-19 pandemic. To bridge the gap, Hindi Mahavidyalaya (Autonomous & NAAC Re-Accredited) Hyderabad, Telangana, proactively prioritizes cutting-edge technology, sustainability, and student-centered design.

Nestled in the heart of Hyderabad, an exceptional educational institution stands as a testament to the visionary dreams of its founders. Founded in 1961 by Vinayak Rao Vidyalankar, the former Finance Minister of Hyderabad State, and Raja Pannalal Pitti, this college emerged with a noble purpose - to propagate Hindi in South India. Over the years, it has evolved from a Hindi medium institution into a prestigious center of academic excellence, transcending linguistic barriers and embracing a multitude of opportunities. In its formative years, the college flourished with generous contributions and government support, culminating in its present-day three-acre campus, a symbol of progress and growth.



**CA Lakshminiwas Sharma**
**President**

### Nurturing Holistic Development

As time advanced, the college underwent a remarkable transformation. It expanded its horizons by incorporating English medium courses, offering an extensive array of undergraduate and postgraduate programs. This expansion not only opened up more opportunities for students but also enabled the college to extend its impact beyond its immediate surroundings. Notably, the college distinguished itself by giving prominence to vocational and skill-focused courses, providing students with hands-on training to enhance their employability upon graduation. These specialized programs, encompassing fields such as hospitality and tourism, as well as banking and insurance, gained widespread recognition, solidifying

HIGHER EDUCATION Review TOP 10 COLLEGES WITH BEST INFRASTRUCTURE & LEARNING ENVIRONMENT - 2023

the college's reputation as a prominent and distinguished institution in the region.

Despite policy changes and government emphasis on Hindi and English, the college remained steadfast in its commitment to inclusivity, preserving and promoting Hindi, Telugu, and other regional languages. With experienced bilingual teachers, the college embraced and flourished under this unique bilingual approach, fostering a diverse and enriching academic environment. Recognizing its dedication to providing quality education, the college achieved autonomous status, granting it the freedom to design industry-oriented syllabi. This autonomy ensures that students are well-prepared to meet the demands of the job market upon completion of their studies. Beyond its academic pursuits, the college excels in various aspects, showcasing a commitment to excellence. It stands out with its incorporation of advanced technology, featuring digital boards connected to the internet for interactive teaching and smart boards with projectors for dynamic learning experiences. Faculty members, possessing numerous PhD or MPhil degrees, foster a nurturing and intellectually stimulating learning environment.

The college's dedication to holistic development is evident through its strong industry ties, providing valuable internship opportunities that equip graduates with practical skills and a competitive edge in the job market. Supporting students in need, the institution has established substantial funds for scholarships and startup ventures. Ensuring a secure and supportive living environment, the well-maintained hostel accommodates around 9200 female students. The college's library, boasting an extensive collection of over 40,000 books, remains a prized resource for students and researchers alike.

Additionally, the college magazine offers insight into the vibrant campus life and activities. The remarkable success of the college is evident in its impressive placement records, with a significant percentage of students securing jobs through the dedicated placement cell. "As the president of this remarkable institution, I stand in awe of the profound impact our college has had on shaping the lives of countless students who have walked through our doors. The accomplishments of our esteemed alumni, as they lead successful businesses and thrive in their professions, exemplify the true measure of our success. With unwavering commitment to excellence and a nurturing environment, our three-acre campus has become a cradle of opportunity, empowering generations of well-prepared graduates to make their mark on the world stage", mentions Laxminiwas Sharma, President of Hindi Mahavidyalaya.

### Dynamic & Experienced Leadership Team

Hindi Mahavidyalaya is led by dynamic and experienced Leadership Team of Academicians, Entrepreneurs and Social Reformers that include Surendra Luniya-Chairman Emeritus, Kamal Narayan Agarwal- President Emeritus, CA Laxminiwas Sharma-President, Shyam Sunder Mundada Vice President, Sheel Kumar Jain-Secretary & Correspondence, Suresh chandra Lahoti -Joint Secretary and CA S.B. Kabra- Treasurer.

> With technology as their muse & student-centered design as their guiding notes, they orchestrate the masterpiece of holistic development, nurturing the minds of tomorrow to flourish & thrive


### Future Roadmap

Looking ahead, the college sets its sights on obtaining deemed university status, utilizing its language diversity, specialties, and subjects as strengths. As it garners further recognition through autonomy and external acclaim, the institution remains dedicated to equipping students with skill-oriented courses and fostering all-round development. Emphasizing inclusivity, the college nurtures talents through sports and extracurricular pursuits, providing scholarships and industry connections to create opportunities for every student. "Our commitment ensures a life-changing educational experience for generations to come", concludes Laxminiwas.

TOP 10 COLLEGES WITH BEST INFRASTRUCTURE & LEARNING ENVIRONMENT - 2023

| Institute Name | Location | Description |
|---|---|---|
| Amity University | Noida | The institution with air conditioned amphitheatre style classrooms, libraries , hi-tech labs, first wireless campus with over 4,000 networked HP/IBM machines, 600 mbps broadband connectivity and more |
| Anurag University | Hyderabad | An abode to world class infrastructural offering gigantic labs, well-equipped with all the apparatus and tools, a humongous cafeteria offering a perfect blend of taste and hygiene, spacious libraries, and more |
| B.K. Birla Institute of Engineering & Technology | Pilani | An educational institution providing the facilities like state-of-the-art classrooms, laboratories, and an exclusive library complement the academics, the well-managed hostels, clubs, auditoriums, indoor and outdoor sports facilities and gymnasium |
| Hindi Mahavidyalaya | Hyderabad | The institution prioritize state-of-theart technology in classrooms and research labs,emphasize sustainability, offer comprehensive sports facilities and collaborative spaces and more |
| Indian Institute of Technology Kanpur | Kanpur | The campus have amenities including book club, community centre, gliding club, gymnasium, nursery, swimming pool, bus service, lecture hall complex and world class facilities |
| ISBR | Bangalore | An institute with stress-free learning classrooms, seminar halls, board rooms, discussion rooms, with modern furniture, OHP, LCD & DLP Projectors, multimedia enabled lecture facilities, and morer |
| Jadavpur University | Kolkata | The university is extremely keen on the betterment of infrastructure, also have facilities like hostel facilities , guest house, library, day care centre, health centre and computer aided design lab |
| RCM College | Bhubaneswar | A management college with a well-designed campus and modern infrastructure, spacious classrooms, well-equipped libraries, and modern technology |
| Shri Ram College of Commerce | Delhi | The college has centrally air conditioned classrooms with wi-fi enabled lcd projectors, tutorial rooms, library, a fully equipped auditorium, resource centre for visually challenged renovated hostels, modern gymnasium and swimming pool |
| Vignan Institute of Technology and Science | Bhuvanagiri | The institute has world-class amenities and provides the perfect atmosphere for students to refine their skills, with state-of-the-art computer labs and internet services, lecture rooms, auditoriums, and well-stocked libraries |






PRINTED MATTER BOOK-POST

**HINDI MAHAVIDYALAYA**
(NAAC Accredited)
Nallakunta, Osmania University Road, Shankar Math,
Hyderabad 500 044.
Phone : 27616330 Fax : 30226330
Email : info@hindimahavidyalaya.org
Website : www. hindimahavidyalaya.org

सेवा में,
श्री / श्रीमती ------------------------------
------------------------------
------------------------------
------------------------------

| अध्यक्ष | उपाध्यक्ष | कार्यदर्शी | संयुक्त कार्यदर्शी | कोषाध्यक्ष | प्राचार्य | उप-प्राचार्य |
|---|---|---|---|---|---|---|
| लक्ष्मीनिवास शर्मा | श्यामसुंदर मूंदड़ा | शील कुमार जैन | प्रदीप दत्त | एस.बी. काबरा | डॉ. बी. श्रीदेवी | अश्विनी सनपूरकर |

Printed and Published by Laxminiwas Sharma at Surya Graphic, Gandhinagar, Hyderabad, on behalf of Hindi Mahavidyalaya.